

यमुनानगर में किसानों व अधिकारियों के साथ बैठक करतीं उपायुक्त। फोटो: हरिभूमि

## गांव पोटली में रास्ते की समस्या को लेकर डीसी ने सुनी गुहार

- उपायुक्त ने किसानों और अधिकारियों के साथ की बैठक
- अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पिछले कई महीनों से गांव पोटली में रास्ते की समस्या को लेकर उपायुक्त प्रीति ने किसानों के साथ बैठक की। बैठक में किसान यूनियन के नेता के साथ-साथ नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने गांव पोटली के किसानों की समस्याओं को सुना। उन्होंने नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि गांव पोटली के लोगों की समस्याओं पर दोबारा विचार किया जाए। मौके पर मौजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को कहा कि तकनीकी रूप सभी पहलुओं की जांच कर गांव वालों की समस्याओं का समुचित समाधान जल्द किया जाए। उपायुक्त ने किसानों, ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि उनकी इस समस्या का जल्द ही समुचित समाधान निकाल कर निर्णय लिया जाएगा। उपायुक्त ने उन्होंने रादौर एसडीएम नरेन्द्र कुमार को निर्देश दिए कि गांव वालों और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सटीक समाधान निकालें। इस मौके पर रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीआईपीआरओ डा. मनोज कुमार, किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान, प्रदेश उपाध्यक्ष दीप राणा, जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, सुभाष, यादविंदर काम्बोज, पोटली के सरपंच बलजीत, गुरनाम, देवेन्द्र सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

### आठवें वेतन आयोग में टर्म्स ऑफ रेफरेंस का विरोध

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर में सरकार विरोधी प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी फेडरेशन के आह्वान पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने वीरवार को इकट्ठा होकर सरकार विरोधी नारे लगाए। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने मिनी सचिवालय पहुंच सीटीएम पीयूष गोयल से मिल राज्यपाल के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान जोत सिंह ने की । प्रधान ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के वित्त विधेयक मार्च 2025 व आठवां वेतन आयोग में जो टर्म्स ऑफ रेफरेंस लागू किया गया है उसके बारे में रिटायर्ड कर्मचारियों में गहरा असंतोष है। उन्होंने बताया कि आज पूरे भारतवर्ष का केंद्रीय एवं राज्य रिटायर्ड कर्मचारी वर्ग पूरा भयभीत है। सरकार की इस मनमानी के चलते पूरे भारतवर्ष में सभी जिला मुख्यालयों पर धरना व प्रदर्शन कर सभी जिला उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। उन्होंने बताया कि रिटायर्ड वरिष्ठ नागरिकों को निजी बसों में आधे किराए में छूट से आनाकानी की जा रही है, जबकि सरकार के ऐसे कोई आदेश नहीं है। इस मौके पर जरनैल सिंह सांगवान, महिपाल चमरौडी, विनोद त्यागी, ईश्वर शर्मा, यशपाल, भुवनेश्वर, राजवीर पंडोरा, सतपाल सैनी, मुख्तियार सिंह, चंद्रपाल माजरा, भुवनेश्वर दत्त, दिलावर हुसैन, चमनलाल सैनी आदि ने भी विचार रखे।

### कर्मचारियों ने मांग पत्र में ये मांगें रखीं

- पेंशन सम्बन्धित वित्त विधेयक 2025 को तुरंत वापिस लिया जाए।
- रिटायर्ड कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग के सभी लाभ पूर्व की भांति दिए जाएं।
- कम्यूट की गई राशि को सभी राज्यों में 11 वर्ष तक ही काटा जाए।
- कोरोना काल के दौरान रोका गया 18 माह के महंगाई भत्ते का एरियर ब्याज सहित दिया जाए।
- 65 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत व 75 वर्ष की आयु के बाद 20 प्रतिशत की मूल पेंशन में वृद्धि की जाए।
- रिटायर्ड कर्मचारियों का सभी सरकारी व पैनल वाले अस्पतालों में मुफ्त इलाज किया जाए व मेडिकल भत्ता 3000 रुपये प्रति माह दिया जाए।
- रिटायर्ड कर्मचारियों को रेलवे व हवाई यात्रा के किराए में पहले की तरह छूट लागू की जाए।
- न्यायालय के सभी लाभकारी निर्णयों को सभी योग्य रिटायर्ड कर्मचारियों व पेंशनर्स पर लागू किया जाए।
- मजदूर विरोधी सभी 4 श्रम संहिताओं को समाप्त किया जाए।
- सभी विभागों में रिक्त पदों पर स्थाई रूप से नियुक्ति की जाए व नीजिकरण की नीति पर रोक लगाई जाए।
- पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए।

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिवस



मास्टर सतपाल कांबोज।

**रादौर ।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में गुरूकुल कुरुक्षेत्र के वाइस चेयरमैन व वरिष्ठ भाजपा नेता मास्टर सतपाल कांबोज मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा पार्टी के कर्मठ नेताओं में से एक थे। उनके काल में देश ने उन्नति और तरक्की की थी। कांबोज ने बताया कि वाजपेयी सरकार ने सबका दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए आर्थिक विकास की ऊंचाइयों को छुआ।

### श्रद्धालुओं को पौष अमावस्या का महत्व बताया



**रादौर ।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी पंडित कमलेश अवस्थी ने वीरवार को श्रद्धालुओं को अमावस्या तिथि की महत्वता बताई। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म में इस तिथि का बहुत महत्व है। यह अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित है। उन्होंने बताया कि पौष महीने में पड़ने वाली अमावस्या को पौष अमावस्या भी कहा जाता है। इसे साल की अंतिम अमावस्या भी माना जाता है। पंडित ने बताया कि पौष अमावस्या इस वर्ष 19 दिसंबर को सुबह 04 बजकर 59 मिनट पर शुरू होगी और 20 दिसंबर को सुबह 07 बजकर 12 मिनट पर समापन होगा। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करना या घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना बहुत लाभदायक होता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या पर किए गए दान का फल कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में इस दिन काले तिल, गुड़, वस्त्र या अनाज का दान करना चाहिए।



### उधम सिंह जयंती पर लगाएंगे रक्तदान शिविर

**रादौर ।** शहीद उधम सिंह कांबोज की जयंती को लेकर कांबोज सभा की एक बैठक रादौर में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सभा के जिला मीडिया प्रभारी अमित कांबोज ने की। बैठक में 26 दिसंबर को शहीद उधम सिंह कांबोज की 126वीं जयंती पर जिला स्तरीय रक्तदान शिविर को लेकर चर्चा की गई।

अमित कांबोज ने बताया कि शहीद उधम सिंह कांबोज की 126वीं जयंती पर जिला स्तरीय रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। रक्तदान शिविर को लेकर जल्द ही सभा के सदस्यों की ड्यूटियां लगाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सभा के सदस्यों द्वारा गांव-गांव जाकर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्त की कमी को लेकर कोई भी घायल अपनी जान न गवाएं। इसके लिए कांबोज सभा समय-समय पर रक्तदान शिविर लगाती है।



### 22 दिसंबर को मनाएंगे नंबरदार सम्मान दिवस

**रादौर ।** हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन की बैठक रादौर में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता शिवकुमार संधाला ने की। बैठक में 22 दिसंबर को शहीद उधम सिंह कांबोज धर्मशाला रादौर में मनाए जाने वाले नंबरदार सम्मान दिवस को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर शिवकुमार संधाला ने सरकार से मांग की कि नए नंबरदारों की भर्ती की जाए। नंबरदार गांव के लोगों को सरकार से जोड़ने का काम करता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि एसोसिएशन द्वारा क्षेत्र में फैल रहे नशे को लेकर मुहिम चलाकर युवाओं को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर नंबरदार ऋषिपाल राणा, शिवकुमार, सुखबीर, जसबीर सिंह, जस्सा सिंह, जयप्रकाश, सुनहरा सिंह, शेर सिंह, रणबीर, बलराम, कुलदीप, बलविंदर व सुभाष आदि मौजूद रहे।



### नगर निगम कार्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**यमुनानगर ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड नंबर 15 स्थित नगर निगम कार्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य निगम कार्यालय परिसर की सुंदरता में वृद्धि करना व नागरिकों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान निगम कार्यालय के बाहर फूलों के पौधे रोपित किए गए और सेल्फी प्वाइंट पर पौधे हाथों में लेकर लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। पौधरोपण उपरांत नगर निगम टीम एवं उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा तख्तियों एवं बैनरों के माध्यम से नागरिकों को सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग न करने, जल संरक्षण अपनाने तथा स्वच्छ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। यह पहल जनसामान्य को स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक प्रभावी प्रयास रही। कार्यक्रम में सीएसआई अनिल नैन, स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार लोकेश सेन, आईसी एक्सपर्ट आकाश कुमार, एसआई बिट्टू, मुक्ता सहित नगर निगम की टीम उपस्थित रही। इसके अतिरिक्त सुदर्शन फाउंडेशन से संदीप बजाज एवं स्नेह सेवा ट्रस्ट से ममता सैन ने भी कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक सहयोग को मजबूत किया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद की ओर से नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा वायु को शुद्ध एवं स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण को आवश्यक जन आंदोलन बनाने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक दूसरे के पूरक हैं तथा स्वच्छ सर्वेक्षण के लक्ष्यों की प्राप्ति में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

# खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

- राजस्व एवं स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला
- जिला फुटबाल संघ द्वारा हरियाणा जोनल फुटबाल लीग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर में खिलाड़ियों से परिचित होते कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल। फोटो: हरिभूमि

जिला फुटबाल संघ द्वारा हरियाणा जोनल फुटबाल लीग का आयोजन किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष भारत भूषण जुयाल का प्रतियोगिता करवाने में विशेष योगदान है। इस प्रतियोगिता में राजस्व एवं स्थानीय निकाय मंत्री हरियाणा विपुल गोयल मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने की। मौके पर युवा खिलाड़ियों द्वारा नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया गया और उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने की बात भी कही। गोयल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भाजपा की सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश के कई खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में खेलों के लिए खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान कर रही है। हर जिले पर आवासीय स्पोर्ट्स अकेडमी खोली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक खिलाड़ी को नशे से दूर रहना चाहिए और खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए । हर खिलाड़ी की हिम्मत, जज्बा और समपर्ण उनकी असली जीत होती है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। खेलों को खेल भावना से खेलना चाहिए।


## घर में घुसकर लोहे की रॉड से हमला, ससुर व दामाद घायल

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर की नवाब कॉलोनी में कहासुनी होने पर दो लोगों ने घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया। हमले में ससुर व दामाद को चोटें लगी हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपी लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी जय प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बेटी आशा, दामाद कर्णपाल व अन्य परिजनों के साथ शहर की नवाब कॉलोनी में रहता है। उनका दामाद कर्णपाल पत्थर टाइल लगाने का काम करता है। मंगलवार शाम को उसका दामाद कर्णपाल और छोटी बेटी मुन्नी आटा पिसवा कर लौट रहे थे। तभी आरोपी आशु व प्रदीप ने अपने साथियों के साथ उन दोनों के साथ रास्ते में मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही जब वह मौके पर पहुंचा तो आरोपी वहां से अपने घर चले गए। कुछ देर बाद आरोपी उनके घर पर आए। आरोपियों ने आते ही उन पर फिर से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। लोहे की रॉड सिर में लगने से वह तथा उसका दामाद घायल हो गए। इसके बाद आरोपी उनकी बाइक डंडों से तोड़कर वहां से चले गए। परिजनों ने उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उन दोनों का इलाज चल रहा है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर में घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन।

## धुंध ने बढ़ाई मौसम में ठंडक सड़कों पर रेंगकर चले वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में बुधवार को घनी धुंध छाई रही, जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। दिन भर धुंध बनी रहने से सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए। इसके साथ ही सड़कों पर वाहनों की गति को ब्रेक लग गया। आलम यह रहा कि लोगों को अपने निर्धारित स्थान पर जाने के लिए लाइटों का सहारा लेना पड़ा। बुधवार सुबह जिले में घनी धुंध छा गई, जो दिन भर जारी रही। आलम यह था कि सड़कों पर लोगों को सामने से आ रहे वाहन भी दिखाई नहीं दे रहे थे। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। इसके साथ ही बाजार में दिन भर लोगों की दुकानदारी भी मंदी रही।

वहीं, मौसम में बढ़ रही ठंड व धुंध पड़ने की वजह से बच्चे व बुजुर्ग निमोनिया, खांसी और बुखार की चपेट में आने लगे हैं। बच्चों के अस्पतालों में छोटे बीमार बच्चों की संख्या बढ़ रही है। वहीं, बुजुर्गों को शरीर में अकड़न व सांस लेने में दिक्कत महसूस होने लगी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने धुंध में छोटे बच्चों व बुजुर्गों को घर में रहने की सलाह दी है।

**गेहूं को फायदा**

कृषि विशेषज्ञ डॉ. सोम प्रकाश ने बताया कि इन दिनों धुंध पड़ना गेहूं की फसल के लिए काफी लाभदायक है। क्योंकि धुंध छाए रहने से मौसम में ठंडक बनी रहने से गेहूं की फसल में ग्रोथ बढ़ने की संभावना बनी रहती है।

### धुंध में गिरा तापमान

जिले में बुधवार को धुंध पड़ने से तापमान गिरकर अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आगे भी तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

### अवैध देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर ।** जिला पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने छछरौल खारवन रोड से एक युवक को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। स्पेशल सेल टीम इंचार्ज रमन चंदेल ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि छछरौली से खारवन रोड पर एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने के लिए अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएसआई कुलदीप, रोहित व गुरदीप की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान रहमिया कॉलोनी छछरौली निवासी दानिश के नाम से हुई है।

## ओवरलोड वाहनों के चलने से करोड़ों रुपये से बनी इंटरलॉकिंग सड़क टूटी

- सड़क की मरम्मत का कार्य तीन वर्ष तक ठेकेदार के अधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर में करोड़ों रुपये की लागत से बनी इंटरलॉकिंग सड़क ओवरलोड वाहनों के कारण टूट चुकी है। लोगों ने नगरपालिका के अधिकारियों पर अनदेखी करने का आरोप लगाया है। लोगों को कहना है कि कस्बे की सड़कों से भारी संख्या में ओवर लोडिड वाहन गुजर रहे हैं मगर नगर पालिका अधिकारी इनकी तरफ ध्यान नहीं दे रहे। जिसका खामियाजा टूटी सड़कों के कारण स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी संदीप कुमार, रमेश, मनोज, दिनेश, मायाराम व सौरभ आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा रादौर में कुछ महीने पहले टाइलिंग करके नई सड़क बनाई थी। टाइलिंग के समय घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था जिसकी शिकायत भी कई बार नपा अधिकारियों से की गई थी। परंतु इस ओर अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से यह सड़क बनाई गई । मगर ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क टूट चुकी है, जिससे राहगिरों को परेशानी हो रही है।



रादौर में सड़क से उखड़ीं टाइलें।

उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहनों के बारे में कई बार अधिकारियों को शिकायत की गई मगर अधिकारियों द्वारा इस पर अंकुश नहीं लगाया गया। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द टूटी सड़क की मरम्मत करवाई जाए।

उधर, नगरपालिका के एमई संदीप शर्मा ने बताया कि सड़क की मरम्मत का कार्य तीन वर्ष तक ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। कहीं से भी यदि कोई दिक्कत आती है तो कर्मचारी भेजकर उसको ठीक करवा दिया जाएगा

**सम्मान** | छछरौली में बुधवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

# पूर्व कैबिनेट मंत्री गुर्जर ने चयनित अग्निवीरों व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- छछरौली स्पोर्ट्स क्लब ने एथलेटिक्स में चार पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

छछरौली में बुधवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने भारतीय सेना में चयनित अग्निवीरों व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री ने चयनित अग्निवीरों व खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



यमुनानगर के छछरौली में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल गुर्जर।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि वर्तमान भाजपा सरकार खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। इसी कड़ी के अंतर्गत हरियाणा एथलेटिक संघ की ओर से सोनीपत में दूसरी किड्स एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन 13 से 14 दिसंबर को करवाया गया। इस प्रतियोगिता में छछरौली स्पोर्ट्स क्लब की ओर से पांच खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए चार पदक अपने नाम किया। जिसमें स्वस्ति राणा ने अंडर 10 आयु वर्ग लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और 60 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता । असद ने अंडर 10 लड़कों की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता । लड़कियों की 12 वर्ष आयु वर्ग में अकशा ने 60 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता । ये सभी खिलाड़ी पिछले दो सालों से छछरौली स्पोर्ट्स क्लब की खेलकूद की नर्सरी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान कंवरपाल गुर्जर ने छछरौली स्पोर्ट्स क्लब के छछरौली निवासी आर्यन व गांव मुकारोपुर से भारतीय गुरजोत सिंह के भारतीय सेना में अग्निवीर चयनित होने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, प्रधान संजीव सैनी, समाजसेवी सोनू राजल, कोच रमनजीत सिंह, कोच शिवम राणा आदि मौजूद रहे।

# कोहरे ने वाहनों की रफ्तार की धीमी, सर्द हवाओं ने झकझोरा

## आसमान में छाया कोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले में बुधवार को तड़के से ही ठंडी हवा के साथ कोहरा छाया रहा। कोहरे की घनी चादर शहर और आसपास के क्षेत्रों में फैलने के कारण दृश्यता कम रही। सुबह नौ बजे तक हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर पांच फीट से ज्यादा दूर देख पाना मुश्किल था। दृश्यता बेहद कम होने के कारण चालकों ने हेडलाइटें जलाकर सावधानीपूर्वक सफर किया। कई स्थानों पर ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ गई। ठंड के चलते जहां शाम होते ही लोग घरों में दुबक जा रहे हैं वहीं घने कोहरे ने वाहनों की रफ्तार रोक दिया। बचाव के लिए लोग दिनभर अलाव तापते नजर आए। मंगलवार देर शाम से ही कोहरा इतना घना हो गया कि हाइवे पर वाहन रेंगते नजर आए बुधवार को सुबह से दोपहर तक धुंध के साथ कोहरा छाया रहा, जिससे लोग बहुत जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले।

### ठंड से पशुपालक भी परेशान

*दिनभर सड़कों पर आवागमन करने वाले राहगीर गर्म कपड़ों में ही लिपटे नजर आए। इसके अलावा इस ठंड से पशुपालक भी काफी परेशान हैं। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसे मौसम से गेहूं की फसल को फायदा पहुंच रहा है। बाकी फसलों के लिए धूप न होने से नुकसान की आशंका है फूल वाली फसले प्रभावित हो सकती हैं। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।*

### गर्म हुआ ऊनी कपड़ों का बाजार

मौसम भले ही सर्द है पर ऊनी कपड़ों का बाजार गर्म है। देर से शुरू हुई ठंड ने दुकानदारों का निराश जरूर किया पर इन दिनों बढ़ी ठंड से शहर के मेन बाजार, सेक्टर 17 शोरूम में गर्म कपड़ों के खरीदारों की भीड़ दिख रही है। इसके अलावा कपड़ों की अन्य दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

### ठंड गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद

बढ़ती ठंड ने जहां आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित की है, वहीं किसानों के लिए यह राहत का मौसम साबित हो रहा है। कृषि उप निदेशक डॉ. कर्मचंद का कहना है कि इस समय पड़ रही सर्दी गेहूं और सरसों की फसल के लिए बेहद लाभदायक है। ठंड के कारण फसलें तेजी से बढ़ रही हैं और रोगों का खतरा भी कम होता है। यदि मौसम इसी तरह अनुकूल रहा तो उत्पादन में वृद्धि की पूरी संभावना है।

## ठंड से बचाव के लिए सावधानी बरतें : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आमजन सहित पशुओं को सर्दी व शीतलहर से बचाव को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए एडवाइजरी की पूर्ण रूप से पालना करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आमजन सावधानी बरतकर सर्दी से अपना व अपने पशुओं का बचाव कर सकते हैं। सर्दी से बचाव के लिए आमजन अपने पास पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें,घर में ठंडी हवा का प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। जितना संभव हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें, गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। खुद को सूखा रखें और पानी में भीगने से बचें। शरीर की गरमाहट बनाए रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्यवर्धक भोजन लें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं, इससे ठंड से लड़ने के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी।



## खबर संक्षेप



### टीबी से बचाव की जानकारी दी

**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। ब्रह्मसरोवर, सन्निहित सरोवर सहित लेबर चौक पर श्रमिकों को टीबी से बचाव की जानकारी दी गई। ब्रह्मसरोवर पर आए पर्यटकों, साधुओं और आसपास की झुग्गी-झोपड़ियों में भी टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और राज्य महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने निर्देशन टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई।

### डीएलएसए ने पैनोरमा में लगाया हेल्प डेस्क

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ड्रग्स फ्री हरियाणा मिशन एवं बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत पैनोरमा में एक हेल्प डेस्क लगाया गया है।

### एक दिन में तहसीलों में 76 इंतकाल किए

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की सुविधा के लिए पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के कार्य को शुरू किया है। इस पेपरलेस रजिस्ट्रेशन के इंतकाल का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र की तहसीलों और उप तहसीलों में एक दिन में 76 इंतकाल किए गए है। इस योजना के तहत कुरुक्षेत्र की तहसीलों में पेपर लैस रजिस्ट्रेशन के कार्य को किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पेपर लैस रजिस्ट्रेशन प्रणाली के माध्यम से अपनी रजिस्ट्री करवाई है। इस प्रणाली के माध्यम से राजस्व विभाग की तरफ से बुधवार को एक दिन में तहसीलों में कुल 76 इंतकाल किए गए है। जिसमें इस्माइलाबाद में 6, लाडवा में 6, शाहबाद में 5, थानेसर में 21, बाबैन में 4 और पिहोवा में 34 इंतकाल किए गए है।

## सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय के बाहर दिया धरना

# विकसित भारत रोजगार विधेयक के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

### मजदूर यूनियन और जन संघर्ष मंच हरियाणा के कार्यकर्ता हुए एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




**कुरुक्षेत्र।** रोष प्रदर्शन में शामिल संगठन के कार्यकर्ता।

मजदूर यूनियन और जन संघर्ष मंच हरियाणा के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में पेश किए गए विकसित भारत-रोजगार और आजीविका की गारंटी मिशन विधेयक, 2025 के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। इस संबंध में कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद नवीन कुमार जिंदल के मोहन नगर स्थित कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर धरना दिया गया और सांसद के नाम ज्ञापन उनके आफिस इंचार्ज धर्मबीर सिंह को सौंपा गया। मांग की गई कि वे इस मजदूर विरोधी विधेयक का विरोध करें और इसे पारित न होने दें। पहले प्रदर्शनकारी मोहन नगर स्थित अग्रसेन चौंक पर एकत्रित हुए और वहां से जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारे लगाते हुए सासद के कैम्प आफिस गए। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए मनरेगा मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान नरेश कुमार, जिला प्रधान मेवाराम और जन संघर्ष मंच की महासचिव सुदेश कुमारी, वरिष्ठ नेता ऊषा कुमारी ने कहा कि यह विधेयक मनरेगा जैसे अधिकार आधारित कानून को खत्म करने की साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि नया बिल ग्रामीण मजदूरों को रोजगार की कानूनी गारंटी देने के बजाय सरकार की कृपा पर निर्भर बना देगा। इस बिल के पास होते ही मनरेगा कानून, 2005 पूरी तरह खत्म हो जाएगा। वक्ताओं के अनुसार, विधेयक के तहत केवल अधिसूचित गांवों में ही काम देने का प्रावधान करोड़ों मजदूरों के रोजगार के अधिकार को छीनने जैसा है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा रोजगार गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन किए जाने का दावा भ्रामक है, क्योंकि आज तक सभी मजदूरों को 100 दिन का काम भी नहीं मिल पाया है।

### रोजगार गारंटी की मांग

बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान भी केवल कागजों तक सीमित रखा गया है। मजदूरी, बेरोजगारी भत्ता और अन्य विवादों के निपटारे के लिए मजदूरों को श्रम अदालतों में जाने से बाहर रखने पर भी कड़ा विरोध जताया गया। विवादों को निपटाने के लिए मजदूरों को पूरी तरह अफसरशाही और लोकपाल के हवाले किया गया है जबकि हम रोज देख रहे हैं कि रोजगार देने में कोताही, कानून की उल्लंघना और भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों को बचाने में अफसरशाही की ही भूमिका होती है। संगठनों ने सरकार से इस विधेयक को तुरंत वापस लेने, ग्रामीण मजदूरों को साल में कम से कम 200 दिन की रोजगार गारंटी देने और न्यूनतम 1000 रुपये दैनिक मजदूरी तय करने की मांग की। चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने विधेयक को जबरन पारित किया तो देशभर में अन्य मजदूर संगठनों के साथ मिलकर आंदोलन तेज किया जाएगा। धरने को मंच नेता चन्द्र रेखा मजदूर नेता चांदीराम, सीता , जितेंद्र, सतीश, कुलदीप सारसा आदि ने संबोधित किया।

# केयू में युवा खेल सांसद महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा खेलों का शुभारम्भ

- नेशनल कबड्डी, आर्चरी, क्रिकेट एवं वॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** खेलों में शामिल खिलाड़ी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल प्रांगण में युवा खेल सांसद महोत्सव 2025 के अंतर्गत लोकसभा खेलों का शुभारंभ बुधवार को हुआ। वहीं यह खेल 23 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे। इस महोत्सव के अंतर्गत नेशनल कबड्डी, आर्चरी, क्रिकेट एवं वॉलीबॉल जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय खेल परिसर में संपन्न होंगी। इसी कड़ी में प्रतियोगिता के प्रथम चरण में क्रिकेट मैच का शुभारंभ स्कूल की वाइस चेयरपर्सन डॉ. सुनीता दलाल एवं स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह द्वारा रिबन काटकर तथा टॉस कराकर किया गया। स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रो. सुनीता दलाल ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में जिंदल हाउस से आए सुमित गोयत, जीतराम, डॉ. प्रमोद, डॉ. चेतन, रजवंत कौर, राजेंद्र राजपूत एवं देवीलाल की विशेष भूमिका रही।

## जशन सैनी ने राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग में जीता स्वर्ण पदक




**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रथम वर्ष के छात्र जशन सैनी ने राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर विश्वविद्यालय और संस्थान का नाम रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने जशन सैनी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जशन सैनी की यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ऐसे होनहार खिलाड़ी विश्वविद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने भी छात्र को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना संस्थान और पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। लेफ्टिनेंट (डॉ.) अजय जांगड़ा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए बताया कि जशन सैनी ने 12 अक्टूबर 2025 को कुरुक्षेत्र जिले में आयोजित डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में जीत दर्ज कर स्टेट लेवल के लिए क्वालिफाई किया। इसके बाद 25 से 27 अक्टूबर 2025 तक गुरुग्राम में हुई स्टेट रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया।



**कुरुक्षेत्र।** मार्केट कमेटी की बैठक में मौजूद चेयरमैन सतीश मथाना व अन्य।

## नए लुक में नजर आएगी पिपली अनाज मंडी मार्केट कमेटी की बैठक में लिए अहम फैसले

**कुरुक्षेत्र।** पिपली अनाजमंडी अब नए लुक में नजर आएगी। मंगलवार को मार्केट कमेटी की बैठक चेयरमैन सतीश मथाना की अध्यक्षता में अनाजमंडी के मुख्य द्वार का नवनिर्माण, सौंदर्यीकरण, ग्रीन बेल्ट व कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में चार एजेंडे चर्चा के लिए रखे गए। सभी एजेंडों पर चर्चा करने के बाद उन्हें सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। मार्केट कमेटी के सेक्रेटरी गुरमीत सैनी ने मार्केट कमेटी में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि गांव रामगढ़ के संत राम को 1,25,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का प्रस्ताव पास किया गया। संत राम की कृषि कार्य करते समय चारे की मशीन में हाथ कट गया था। बीड़ मथाना के तरसेम सिंह को भी वित्तीय सहायता देने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। तरसेम सिंह का हाथ भी चारे की मशीन में आने से कट गया था। कमेटी के पास तरसेम सिंह का केस देरी से प्राप्त हुआ था। उसे अब स्वीकृति के लिए बोर्ड मुख्यालय में भेजने का प्रस्ताव पास किया गया। उन्होंने बताया कि मंडी के बूथ वाले ब्लाकों की चारदीवारी ऊंचा करने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा मंडी में धर्मशाला के पास दुकान नंबर 37 के पास शौचालय बनाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया।

# प्रतियोगिता विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को उभरने का माध्यम : डीसी

- राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र




राज्य स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल सेक्टर 7, में किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रुप में जिला उपायुक्त विश्राम कुमार ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने की जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. राहुल तनेजा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, विद्यालय प्राचार्य प्रतिमा शर्मा, डॉ राहुल तनेजा तथा डॉ तरसेम कौशिक के साथ दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को उजागर करने और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. तरसेम कौशिक ने किया और क्विज मास्टर की भूमिका विनीत कुमार तथा कुशाग्र शर्मा ने निभाई। स्टेज का संचालन मीनाक्षी तथा अंकित बहल ने किया। विद्यालय प्राचार्य प्रतिमा शर्मा ने मुख्यातिथि माननीय विश्राम कुमार मीणा तथा विनोद कौशिक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रतियोगिता में ग्रुप-ए में प्रथम स्थान आधार शिला पब्लिक स्कूल जींद, द्वितीय स्थान दयाल सिंह पब्लिक स्कूल करनाल तथा आरपीएस पब्लिक स्कूल नारनौल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## एचआरएमएस पोर्टल 0.2 को हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मियों के लिए खोलने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय में कार्यरत हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता संघ प्रधान गुरदीप तंवर ने की। बैठक में हाल ही में सरकार द्वारा जारी किया गया एचआरएमएस पोर्टल 0.2 में हरियाणा के सभी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बाहर करने पर चिंता व्यक्त की तथा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की गई की एचआरएमएस पोर्टल 0.2 को हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों के लिए खोला जाए ताकि लंबे समय से कम कर रहे कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया जा सके ताकि हरियाणा सरकार द्वारा पास किया गया जॉब सिक्योरिटी का लाभ मिल सके। बैठक को संबोधित करते हुए संघ प्रधान गुरदीप तंवर ने कहा कि इस प्रकार की अनिश्चित से कर्मचारियों में डर का माहौल बना हुआ है। बैठक में दिनेश कुमार, मेजर तंवर, राजीव सैनी, राहुल भिवानी खेड़ा, संदीप लाडवा. प्रदीप उमरी, सलिंडर ज्योतिसार, सुभम कल्याण, सुरेश बेदी. सोनू मेहला, रणबीर मराठा. सोनू पबनवा. प्रदीप रोड़, सूखविंदर कादयान. विनोद गिल, महिपाल ढिल्लो. शम्भू झा, पवन, प्रवीण कश्यप समशीपुर. सोनू जाम्बा विकास कश्यप. रवि, अंकित सैनी. सपना सैनी, वीणा देवी,सम्पति, मंजू सैनी रजनी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।



**पिहोवा।** मंचासीन भाजपा नेता डीडी शर्मा व अन्य।

## इस्हाक-नीमवाला गली का शुभारंभ कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**पिहोवा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने आज गांव इस्हाक से नीमवाला गांव की ओर जाने वाली नई गली का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस गली के निर्माण से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और बरसात के मौसम में जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर गांव इस्हाक के सरपंच बलविंदर सिंह के नेतृत्व में अनेक लोगों ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने पार्टी में शामिल कराया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच बलविंदर सिंह, पंचों एवं समस्त ग्रामवासियों ने डीडी शर्मा का फूलमालाओं, पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। सरपंच बलविंदर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य लगातार जारी हैं। गांवों और शहरों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

**कार्यक्रम** गीता कन्या विद्यालय में मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए सप्तशक्तित संगम का भव्य आयोजन

# नारी ही देश के विकास की मुख्य आधार होती : डॉ. मंजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मातृशक्तियों के सशक्तिकरण एवं समाज परिवर्तन के संकल्प के उद्देश्य से सप्तशक्ति संगम का आयोजन विशाल कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की आचार्या एवं कार्यक्रम की संयोजिका सुनैना द्वारा प्रतिवेदन एवं उद्देश्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर माताओं द्वारा नवयुग का नव विचार आया तथा विद्यालय की छात्राओं द्वारा हम ही मातृ शक्ति है हम ही आदिशक्ति हैं गीत गाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विजेशवरी शर्मा ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कहा कि समय के साथ-साथ परिवारों में चुनौतियां आ रही हैं, परिवार शिक्षा का एक बहुत बड़ा माध्यम है।



**कुरुक्षेत्र।** दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण।

### परिवार में माता की अहम भूमिका

परिवार को एकजुट करने में माता की अहम भूमिका होती है। परिवार ही संस्कारों की प्रथम पाठशाला है और पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि डॉ मंजू शर्मा ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजनात्मक शक्ति है माता ही संपूर्ण ब्रह्मांड है जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता भी वास करते हैं। नारी ही देश के विकास की मुख्य आधार होती है। सशक्त महिला ही सशक्त समाज की निर्माता होती है। यदि नारी अपने अंदर निहित शक्तियों को पहचानकर उन्हें जागृत करे तो सफलता के सर्वोच्च शिखर तक पहुँच सकती है।

### महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम की अध्यक्ष सरोज सैनी ने मातृ शक्ति को अपनी अंतर्निहित सप्त शक्तियां कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति तथा क्षमा के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें जागृत करने का आह्वान किया ताकि एक सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। विद्यालय की छात्राएँ जीजाबाई , अहिल्याबाई होल्कर, कल्पना चावला, रानी लक्ष्मीबाई के वेश में सुशोभित रही। कार्यक्रम में समाज में अपना विशिष्ट योगदान देने वाली माताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राजविज, अंजलि शर्मा, किरण गर्ग, प्राचार्या सुमन बाला एवं आचार्य परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

